# ऑब्जेक्टिव आधारित प्रशिक्षण पूर्व/प्रशिक्षण पश्चात् चिकित्सकीय परीक्षा (ऑब्जेक्टिव स्ट्रक्चर्ड क्लिनिकल एक्ज़ामिनेशन या इवेल्यूएशन–OSCE)

प्रतिभागी संख्या ................................. दिनांक ................................

**स्टेशन 1: प्रसव के तीसरे चरण का सक्रिय प्रबंधन**

**स्थिति:** प्रसव का दूसरा चरण तुरंत समाप्त हुआ है। अब आंवल को तीसरे चरण के सक्रिय प्रबंधन द्वारा बाहर निकालें।

अवलोकन करें कि निम्न काम तीसरे चरण के सक्रिय प्रबंधन में प्रतिभागी द्वारा सही क्रम तथा सही तकनीक का इस्तेमाल करते हुए प्रदर्शित किये जा रहे हैं।

| क्र.सं. | चरण | हाँ/नहीं/अंक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रारंभिक कदम – पेट पर हाथ रख कर जाँच करती है कि एक और बच्चा तो नहीं है। | | |
| 2. | बच्चेदानी को संकुचित करने के लिए 10 IU इंजेक्शन ऑक्सिटोसिन इन्ट्रा मस्क्युलर (IM) या 3 गोली (600ug) मिसोप्रोस्टॉल खाने को देती है। | | |
| 3. | नियंत्रित नाल खिंचाव/कंट्रोल्ड कॉर्ड ट्रेक्शन (CCT) कर के आँवल और झिल्लियों को बाहर निकालती है | | |
| 4. | बच्चेदानी की मालिश करती है | | |
| 5. | योनि और पेरिनियम का परीक्षण करती है | | |
| 6. | आंवल, झिल्लियों और नाल का परीक्षण करती है<br>अ. आंवल की बच्चेदानी की ओर वाली सतह<br>ब. शिशु की ओर वाली सतह<br>स. झिल्लियाँ<br>द. नाल | | |
| 7. | उपयोग में आये औज़ारों को 0.5 प्रतिशत क्लोरीन (0.5% chlorine) घोल में विसंक्रमण (decontamination) करने के लिए 10 मिनट तक डुबो कर रखती है | | |
| 8. | सुई और सिरिन्ज को विसंक्रमित करती है या निस्तारण करती है | | |
| 9. | अपने दस्ताने पहने दोनों हाथों को 0.5 प्रतिशत क्लोरीन घोल में डुबोती है | | |
| 10. | अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोती है और हवा में सुखाती है | | |

*कुशलता के अंक = 8/10 (80%)*

*प्रतिभागी के अंक = ................/10*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

**स्टेशन 2: नवजात शिशु का पुनर्जीविकरण (रीससिटेशन)**

**केस:** आप एक माँ की देखभाल कर रही हैं जो 35 सप्ताह की गर्भावस्था के शिशु को जन्म देने वाली है और पानी/लाइकर में मीकोनियम है। आप बच्चे के लिए क्या–क्या तैयारी करेंगी? बच्चा पैदा होने के बाद रो नहीं रहा है। प्रदर्शित करें कि आप बच्चे को कैसे रिससिटेट करेंगी?

| क्र.सं. | चरण | अंक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | निम्न के साथ तैयार है<br>▪ बैग और मास्क<br>▪ सक्शन उपकरण<br>▪ रेडियंट वार्मर या गरम करने का कोई स्त्रोत<br>▪ दो गरम तौलिये<br>▪ सैकेण्ड की सुई वाली घड़ी<br>▪ ऑक्सीजन उपकरण<br>▪ दस्ताने<br>▪ शोल्डर रोल<br>▪ कॉर्ड टाई/कॉर्ड क्लैम्प<br>▪ कैंची<br>▪ स्टेथोस्कोप | | |
| 2. | माँ के पेट पर ही शिशु के साँस लेने/रोने की जाँच करती है और मुँह तथा नाक का सक्शन (suction) करती है | | |
| 3. | जल्दी से शिशु को सुखाती है, गीले तौलिये को हटा कर दूसरे गरम सूखे तौलिये में शिशु को लपेटती है। | | |
| 4. | शिशु साँस का आंकलन करती है। | | |
| 5. | यदि शिशु साँस नहीं ले रहा तो, नाल को तुरन्त क्लैम्प कर के काटती है। | | |
| 6. | शिशु को एक गरम सख़्त और सपाट जगह (रेडियंट वार्मर) पर रखती है | | |
| 7. | शोल्डर रोल को शिशु के कंधे के नीचे लगा कर शिशु की गर्दन को थोड़ा सा एक्स्टेंड करती है।<br>मुँह और नाक का सक्शन करती है<br>शिशु की पीठ को दो बार हल्के से मल कर स्टीमुलेट करती है<br>शिशु की स्थिति दोबारा ठीक करती है और साँस का दोबारा आंकलन करती है। | | |
| 8. | अगर शिशु अभी भी साँस नहीं ले रहा है तो 30 सैकेण्ड तक बैग और मॉस्क से शिशु को साँस दिलवाती है और यह सुनिश्चित करती है कि छाती हर साँस के साथ फूल/उठ रही है। | | |
| 9. | पुनर्जीवन (वेन्टिलेशन) के 30 सैकेण्ड हो जाने पर शिशु की साँस का पुनः आंकलन करती है। | | |
| 10. | अगर अभी भी शिशु साँस नहीं ले रहा है तो बैग और मॉस्क से साँस देना जारी रखती है और बैग में ऑक्सीजन लगा कर शिशु के दिल की धड़कन की जाँच करती है। | | |
| 11. | अगर शिशु अभी भी साँस नहीं ले रहा है तो बैग और मॉस्क से साँस देते हुए एक उच्च केन्द्र पर रेफर करती है। | | |
| 12. | यदि किसी भी समय शिशु साँस लेना शुरू कर देता है, तो उसको निगरानी/देखभाल के लिए रखती है। | | |

*कुशलता के अंक = 9/12 **(75%)***

*प्रतिभागी के अंक = ................../12*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

**स्टेशन 3: प्रसव पूर्व जटिलताओं का प्रबंधन**

**प्रतिभागी के लिए निर्देशः** केस स्थिति को पढ़ें और उस में दी गई जानकारी के आधार पर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें।

**केसः** एक 38 हफ्ते की गर्भवती महिला स्वास्थ्य सुविधा पर प्रसव पीड़ा के साथ आई है और बताती है कि उसे पूरे दिन तेज़ सिरदर्द रहा है। वह यह भी कहती है कि, उसे कुछ घंटों से ठीक से दिखाई नहीं दे रहा है। परीक्षण के दौरान उसे दौरा आ जाता है।

**प्रश्न**

1. आपका डायगनोसिस (diagnosis) क्या है?

2. आप उसे कौन सी दवा देंगी?

3. मैगनीशियम सल्फेट से आप इस केस का प्रबंधन कैसे करेंगी?
   - चरण 1: आप मैगनीशियम सल्फेट दवा की लोडिंग डोज़ कैसे तैयार करेंगी और देंगी?
   - चरण 2: यदि दवा के कोई दुष्प्रभाव नहीं होते तो इस महिला को मैगनीशियम सल्फेट की खुराक आपको कब तक देनी चाहिए?
   - चरण 3: मैगनीशियम सल्फेट दवा की मेन्टीनेंस डोज़ क्या है?
   - चरण 4: मैगनीशियम सल्फेट दवा की अधिकता (toxicity) के क्या लक्षण हैं जिनके कारण आप अगला डोज़ रोक देंगी?

*कुशलता के अंक = 6/8* ***(75%)***

*प्रतिभागी के अंक = ................../8*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

**स्टेशन 4: प्रसव पश्चात जटिलताओं का प्रबंधन**

**प्रतिभागी के लिए निर्देश:** नीचे दी गई केस–स्टडी को ध्यान से पढ़ें और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दें

**केस:** 23 वर्षीय प्राईमीग्रैविडा (primigravida) सुश्री रीटा ने एक 2.5 किलो की जीवित स्वस्थ बच्ची को 2 घंटे पहले जन्म दिया है। उनको प्रसव के कारण ऑक्सीटोसिन दे कर 18 घंटे में प्रसव पूरा किया गया। उनकी माँ बताती है कि सुश्री रीटा अचानक बेहोश सी हो रही है, बहुत पसीना आ रहा है और छूने पर ठंडी लग रही है।

**परीक्षण पर:** बीपी–100/60 मिमिo Hg, नब्ज़–118, पैरों में सूजन–2+, बच्चेदानी का फंडस–नाभि से तीन अंगुली ऊपर, स्तन–मुलायम, कोई द्रव नहीं, योनि से लोकिया–लाल रंग का, खून के थक्के निकाले।

**जाँचें:** हीमोग्लोबिन–7.9 ग्राम, पेशाब–प्रोटीन की थोड़ी मात्रा (ट्रेस)।

**प्रश्न**

1. नीचे दी गई प्रसव पश्चात् जटिलताओं में से सुश्री रीटा को किस जटिलता के होने का सबसे अधिक खतरा है? (कृपया कोई एक चिन्हित करें)
   क. प्रसव पश्चात् रक्तस्त्राव (PPH) ☐
   ख. बच्चेदानी का प्रोलैप्स (नीचे उतरना) ☐
   ग. देर से होने वाला प्री–एक्लेम्पसिया ☐

2. उनके परीक्षण से निम्न जानकारी मिली है। आपकी डायगनोसिस से सम्बन्धित इनमें से कौन सी जाँच की स्थितियाँ चिन्ताजनक हैं या यह जताती हैं कि उनके लिए तुरन्त हस्तक्षेप करने की तुरन्त ज़रूरत है? (चौथे कॉलम के उचित उत्तर पर '✓' लगायें)।

| प्र.सं. | जाँच | परिणाम | चिन्ता का कारण/हस्तक्षेप की ज़रूरत है (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|
| 1. | बीपी | 100/60 mmHg | |
| 2. | पेशाब | प्रोटीन की थोड़ी मात्रा (ट्रेस) | |
| 3. | पैरों के निचले हिस्से में सूजन | +2 | |
| 4. | बच्चेदानी का फंडस | 3 अंगुली नाभी के ऊपर | |
| 5. | लोकिया | लाल रंग का, खून के थक्के निकाले | |
| 6. | हीमोग्लोबिन | 7.9 g/dl | |
| 7. | शिशु का वज़न | 2.5 किलोग्राम | |
| 8. | गर्भ क्रम (ग्रेविडा) | प्राईमीग्रैविडा (पहला गर्भ) | |
| 9. | प्रसव अवधि | 18 घंटे | |

3. इस जटिलता में सबसे उपयोगी दवा कौन सी है?
   1. इन्जैक्शन मैग्नीशियम सल्फेट
   2. इन्जैक्शन मिथाइल अर्गोमेट्रिन (मिथर्जिन)
   3. इन्जैक्शन ऑक्सीटोसिन

*कुशलता के अंक = 9/12 (75%)*

*प्रतिभागी के अंक = ................../8*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

| स्टेशन | कार्य | कुशलता का स्कोर | प्रतिभागी का स्कोर | परिणाम (कुशल/सुधार की ज़रूरत है) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एएमटीएसएल | 8/10 | | |
| 2. | नवजात का रीससिटेशन | 9/12 | | |
| 3. | प्रसव पूर्व जटिलताओं का प्रबन्धन | 6/8 | | |
| 4. | प्रसव–पश्चात् जटिलताओं का प्रबन्धन | 9/12 | | |